5266 - क्या ईद की नमाज़ के लिए निकलने वाले के लिए नमाज़ की जगह पर दो रकअत तहिय्यतुल-मस्जिद पढ़ना जायज़ है?

प्रश्न

अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से प्रमाणित है कि आप ईदैन की नमाज़ के लिए ईदगाह की ओर निकले और आपके साथ पुरुष और महिलाएँ भी बाहर निकलीं। उसके बाद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हुम भी बाहर निकले। क्या उस व्यक्ति के लिए जो ईद की नमाज़ के लिए बाहर निकला है ईदगाह में दो रकअत तहिय्यतुल-मस्जिद पढ़ना जायज़ है?

विस्तृत उत्तर

जो व्यक्ति ईद की नमाज़ के लिए नमाज़ की जगह (ईदगाह) में प्रवेश करे, वह बैठने से पहले तहिय्यतुल-मस्जिद के रूप में दो रकअत नमाज़ नहीं अदा करेगा; क्योंकि ईदगाह में तहिय्यतुल-मस्जिद पढ़ना नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और आपके सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हुम के अमल के विपरीत है।

और अल्लाह ही तौफ़ीक़ प्रदान करने वाला है, तथा हमारे पैगंबर मुहम्मद, आपके परिवार और साथियों पर अल्लाह की दया एवं शांति अवतरित हो।